amarujala.com
बरेली मंगलवार, 2 नवंबर 2021 कार्तिक कृष्ण-द्वादशी · विक्रम संवत-2078
अमर उजाला

Page No : 10 Bottom

क्रिकेट

मिशन एकेडमी को 10 विकेट से किया पराजित, विद्या भवन के सिद्धार्थ पाल मैन ऑफ द मैच

फाइनल जीतकर विद्या भवन ने कब्जाया खिताब

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में विद्याभवन ने मिशन एकेडमी को दस विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

खिताबी मैच एसआरएमएस कॉलेज आफ इंजीनियरिंग के क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। विद्या भवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी के लिए उतरी मिशन एकेडमी की टीम 20 ओवर में 87 रन पर ऑलआउट हो गई।

विद्या भवन की ओर से गेंदबाजी में सौरभ कुमार ने तीन विकेट और दक्ष चंदेल ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी विद्या भवन की टीम के ओपनर बल्लेबाज सिद्धार्थ गौतम ने 40 और सिद्धार्थ पाल ने 41 रन की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को 10 विकेट के जीत दिला दी। शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थ पाल को चुना गया।

एसआरएमएस क्रिकेट टूर्नामेंट में ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। -हिप्र

मिशन एकेडमी के दो खिलाड़ी असद नदफ को मैन ऑफ द टूर्नामेंट और मा. आरिश को बेस्ट बॉलर का खिताब दिया गया। 2018 में हुए टूर्नामेंट में भी विद्या भवन ने जीत हासिल की थी। टूर्नामेंट में मो. फैजान, राजीव सैनी, यूसुफ अंसारी और अजय गुप्ता अंपायर की भूमिका निभाई।

पुरस्कार वितरण समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन और चीफ गेस्ट देवमूर्ति ने विजेता टीम को ट्राफी सौंपी और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

इस दौरान ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, सरफराज वली खां, डीन प्रभाकर गुप्ता, डा. एसबी गुप्ता, सोवन मोहंती, शंकर पाल सिंह, मनीष मौजूद रहे।